तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 12 दिसंबर 2024

11 युकांईयों ने नारेबाजी प्रदर्शन कर एसडीएम कार्यालय का...



12 मतांतरण-धर्मांतरण के विरोध में सनातन सेना...





## खबर संक्षेप

### जिला निषाद समाज की तिमाही बैठक 14 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ जिला निषाद समाज धमतरी की तिमाही बैठक 14 दिसंबर शनिवार को निषाद छात्रावास भवन दानीटोला धमतरी में 11.30 बजे से 4 बजे तक रखी गई है। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। यह जानकारी जिलाध्यक्ष चंदूलाल निषाद, महासचिव नारायण लाल निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

### रावनगुड़ा में घासीदास जयंती 18 को

**सिर्री।** सतनामी समाज रावनगुड़ा के तत्वावधान में 18 दिसम्बर को संत गुरु घासीदास बाबा का जयंती समारोह रखा गया है। इस दौरान मोर गंवई फूल पंथी पार्टी की प्रस्तुति होगी। रात्रि में राधाकृष्ण छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी दुर्रे बंजारी राजनांदगांव का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी नंदकुमार ने दी है।

### थुहा में मड़ई पर होगा नाचा

**सिर्री।** ग्राम थुहा (नवागांव) में 20 दिसम्बर को मड़ई मेला का आयोजन सतनामी समाज एवं युवा संगठन द्वारा किया गया है। रात्रि में मोर देश के माटी सोना छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम जुड़ेरा खरोरा की मनमोहक प्रस्तुति होगी। तैयारी में गगन चंद्राकर, प्रशांत रात्रे, राहुल माण्डले, जीवन, मुकेश, गुपेश, अशोक लहरे जुटे हैं।

### गिरौद में शिव महापुराण अमृत कथा आज से

**मगरलोड।** ग्राम गिरौद के दुर्गा मंच बाजार चौक में 12 से 19 दिसंबर तक शिव महापुराण कथा अमृत कथा महोत्सव का आयोजन किया गया है। 12 दिसंबर को वेदी पूजा,



कलशयात्रा, कलश स्थापना, शिव महापुराण महात्म कथा, 13 दिसंबर को कथा प्रसंग, प्राकट्य कथा, 14 दिसंबर को संध्या देवी तपस्या, नारद मोक्ष कथा, सती कथा, 15 दिसंबर को शिव पार्वती विवाह उत्सव, 16 दिसंबर को श्याम कार्तिक जन्म, तारक असुर वध, 17 दिसंबर को श्री गणेश जन्म कथा, 18 दिसंबर को तुलसी वृंदा, जालंधर वध, बेल पत्ता, वर्षा, शोभायात्रा, भोज भंडारा, महाप्रसाद वितरण पश्चात कथा का समापन किया जाएगा। कथा दोपहर 1 से 5 बजे तक होगी। कथावाचक पं. कालेश्वर प्रसाद तिवारी महाराज होंगे। आयोजन की तैयारी में खोरबहारिन साहू, नारायणराम साहू, रामकली साहू सहपरिवार जुटे हैं।

### धान से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटी




**नगरी।** बेलरबाहरा धान खरीदी केंद्र तक वाहन जाने के लिए रास्ता सही नहीं होने से ट्रैक्टर पलटने की घटना बार-बार हो रही है। बुधवार की सुबह 8 बजे मेचका का किसान ट्रैक्टर से अपना धान बेचने धान खरीदी केंद्र आ रहा था। रास्ता ठीक नहीं होने से ट्रैक्टर ट्राली पलटी हो गई। किसानों का कहना है कि दो बार घटना हो गई है। मंडी व्यवस्था के नाम से सरकार की ओर से पैसा आता है मगर खर्च कहां होता है, पता नहीं। मंडी गेट के सामने गड्ढे होने की वजह से दो बार धान से भरी ट्रैक्टर पलट चुकी है। उस जगह पर मिट्टी डालने के लिए प्रशासन के कर्मचारी गंभीर नहीं हैं। किसानों ने अतिशीघ्र रास्ता सुधारने की मांग मण्डी प्रशासन से की है।

---

जिले के ढाई हजार छात्रों ने लिया था हिस्सा, अच्छे रिजल्ट की उम्मीद

# परख परीक्षा से मापा गया शिक्षा का स्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हर तीन साल में होने वाली परख सर्वे परीक्षा में इस साल जिले के अच्छे परफार्मेंस की उम्मीद की जा रही है। इस परीक्षा में जिले भर के 106 स्कूलों के 2533 छात्रों ने हिस्सा लिया था। इन छात्रों को परीक्षा से पहले पांच बार तैयारी करवाई गई थी। अब परीक्षा निबटने के बाद अधिकारी चैन की सांस ले रहे हैं।

केंद्र सरकार द्वारा हर तीन साल में परख सर्वे परीक्षा आयोजित की जाती है। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य जिले में शिक्षा की गुणवत्ता और स्तर का आकलन करना है। इस साल भी एक सप्ताह पहले इस परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में 106 स्कूल के 2533 छात्रों ने हिस्सा लिया था। इसमें तीसरी कक्षा के 719, छटवीं कक्षा के 802 और नवमीं कक्षा के 1012 छात्र शामिल हुए। इन छात्रों को राज्यस्तर पर तीन बार और जिला स्तर पर दो बार कुल 5 बार इस परीक्षा के लिए प्रैक्टिस करवाई गई थी। छात्रों का परफार्मेंस अच्छा रहा, जिससे उम्मीद की जा रही है कि इस साल जिले में परख सर्वे का रिजल्ट अच्छा आएगा।



**ओएमआर सीट पर परीक्षा**

यह परीक्षा कम्पिटिशन एग्जाम की तर्ज पर ओएमआर शीट पर हुई। हर प्रश्न के चार जवाब लिखे हुए थे। छात्रों को केवल सही पर निशान लगाना था। छात्रों को कोई परेशानी न हो इसके लिए डाइट के छात्रों को फिल्ड इंवेस्टीगेटर बनाया गया था। इन छात्रों ने प्रश्नपत्र वितरण और ओएमआर शीट पर निशान लगाने के तरीके की जानकारी दी। अधिकांश छात्रों के लिए यह परीक्षा अलग ही अनुभव था।

**चार माह बाद आयेगा परिणाम**

यह परीक्षा केंद्र सरकार द्वारा आयोजित की जाती है, जिसका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन करना और उसके आधार पर शिक्षा से संबंधित योजनाएं तैयार करनी है। इस साल इस परीक्षा के लिए छात्रों की अच्छी तैयारी करवाई गई थी। खुद कलेक्टर नम्रता गांधी इस परीक्षा और तैयारी पर नजर रखी हुई थी जिसके चलते अच्छे रिजल्ट की उम्मीद की जा रही है। परीक्षा के बाद पूरी जानकारी राज्यस्तर पर भेजी जा चुकी है। वहां से केंद्र को इसकी जानकारी भेजी जाएगी। चार-पांच माह बाद इसका रिजल्ट जारी किया जाएगा।

## आरक्षक भर्ती के दौरान अभ्यर्थी हुआ घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रकिया के दौरान ऊंची कूद कूदते समय एक अभ्यर्थी घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रूद्री पुलिस लाइन में इन दिनों आरक्षक संवर्ग की भर्ती प्रक्रिया जारी है। इसमें शामिल होने अलग-अलग जिले के अभ्यर्थी बड़ी संख्या में आ रहे हैं। वहीं रायपुर निवासी नितेश साहू उम्र 26 वर्ष भी बुधवार को आरक्षक भर्ती के लिए पुलिस लाइन रूद्री आया था। युवक की पहले राउंड की ऊंची कूद हो गई थी। दूसरे राउंड की ऊंची कूद कूदते समय युवक घायल हो गया। भर्ती स्थल पर तैनात आरक्षकों ने एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए युवक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को दो घंटे के लिए आब्जवेशन में रखा गया। एक्सरे व सीटी स्कैन रिपोर्ट के बाद आगे का उपचार किया जाएगा।

## वीर मेला से लौट रही पिकअप पलटी, बीस से अधिक घायल

- कंकालीन मोड़ की घटना, चारामा व धमतरी जिला अस्पताल में उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वीर मेला से लौट रही पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में पिकअप में सवार 20 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। घायलों का चारामा व धमतरी जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार राजाराव पठार में आयोजित तीन दिवसीय वीर मेला का मंगलवार को समापन था। मेला के अंतिम दिन बालोद जिले के ग्राम नारागांव व आसपास के ग्रामीण पिकअप में सवार होकर राजाराव पठार गए थे। जहां से रात्रि में सभी लोग पिकअप में सवार होकर घर नारागांव लौट रहे थे। इसी दौरान कंकालीन मोड़ के पास पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में सवारों में चीख पुकार मच गई।

पिकअप में सवार लगभग 20 लोग घायल हो गए जिसमें से 5 लोगों को गंभीर चोट लगी है। सभी घायलों को उपचार के लिए चारामा अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद भर्ती किया गया। गंभीर रूप से घायल बिंदु मंडावी, उमेश्वरी, पुनीताराम, रेणूका, अनिलबाई व राजेश सभी ग्राम नारागांव जिला बालोद निवासी को धमतरी जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। घायलों को रात्रि में ही धमतरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों का चारामा व जिला अस्पताल में धमतरी में उपचार जारी है। इस दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने में जय हिन्द सेवा समिति के संस्थापक टीकम तारम, हेम साहू, सूर्यकांत सूर्यवंशी एवं चारामा हास्पिटल के स्टाफ व पुलिस का सहयोग रहा ।







## सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- जगतरा के पास हुआ हादसा

मेला देखकर लौट रहे बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

अस्पताल पुलिस के अनुसार कुरूद के पचरीपारा निवासी जितेंद्र ध्रुव पिता बुधरूराम उम्र 32 वर्ष राइस मिल में मजदूरी करता था। वहीं तुलसीराम ध्रुव पिता बन्नूराम 28 वर्ष ग्राम अरौद थाना अर्जुनी निवासी अपने जीजा के घर कुरूद में रहकर जितेंद्र के साथ मजदूरी करता है। मंगलवार को दोनों युवक बाइक से वीर मेला घूमने राजाराव पठार गए थे। जहां से देर शाम दोनों युवक नेशनल हाईवे से होते हुए वापस अपने घर कुरूद लौट रहे थे। इसी दौरान जगतरा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को रक्तदान एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया जा रहा था। इस दौरान गंभीर रूप से घायल जितेंद्र ध्रुव ने रास्ते में दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने चेकअप के बाद जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल तुलसीराम को वार्ड में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। अस्पताल चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



## जामपानी को राजस्व रिकार्ड में गांव का दर्जा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- 6 मोहल्लों को मिलाकर ग्राम बनाने की मांग

बेलरगांव तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कसपुर के मोहल्ला जामपानी को ग्राम घोषित करने की मांग की गई है। जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीण नथनू मरकाम, श्रीराम नेताम, लखनू मरकाम, नरोत्तम ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि ग्राम पंचायत कसपुर अंतर्गत जामपानी, भतकापारा, चेहरापारा, कमारपारा, बाहलूपारा, लाइनपारा मोहल्ला है। ग्राम पंचायत कसपुर से अलग 6 मोहल्लों को मिलाकर जामपानी गांव बनाने 10 साल से मांग कर रहे हैं। तत्कालीन कलेक्टर भीमसिंह के समय से आवेदन देते आ रहे हैं, लेकिन उनकी मांग अब तक पूरी नहीं हो पाई है। कसपुर के पारा टोला दूर-दूर में होने से मजदूरों को बराकर काम नहीं मिल पाता है। पंचायत के विभाजन होने से लोगों को पर्याप्त काम मिलेगा।



## पटवारी संघ ने ऑनलाइन कार्यों का किया बहिष्कार

- काली पट्टी और काला कपड़ा पहनकर जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के पटवारियों ने ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार कर दिया है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि प्रांतीय आव्हान पर वे ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार करते हुए शासकीय वाट्सएप ग्रुप में अपनी मांगों को वायरल करेंगे।

पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष जीवराखन कश्यप ने बताया कि ऑनलाइन काम के लिए संघ आवश्यक संसाधन कम्प्यूटर सिस्टम, लैपटाप, प्रिंटर, इंटरनेट की मांग लंबे समय से कर रहा है। उनकी मांग अभी तक पूरी नहीं हुई। मांगें पूरी नहीं होने की दशा में काली पट्टी लगाकर काम करेंगे। प्रत्येक सोमवार को काला कपड़ा पहनकर शासकीय काम करेंगे। 15 दिसम्बर तक अगर उनकी मांगें नहीं मानी गई तो सभी पटवारी ऑनलाइन कार्य और प्रशिक्षण का बहिष्कार करेंगे। 16 दिसम्बर से सभी सरकारी वाट्सएप ग्रुप का बहिष्कार करेंगे। इस अवसर पर पटवारी योगेन्द्र राव कमलकार, पालसिंह ध्रुव, विकास साहू, नमन चन्द्राकर आदि उपस्थित थे।

## व्यवसायी से 19.45 लाख की ऑनलाइन ठगी

- ऑनलाइन काम करने पर कमीशन देने का दिया था झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के एक व्यवसायी से ठगों ने ऑनलाइन काम करने पर घर बैठे मोटा कमीशन देने का झांसा देकर 19.45 लाख रूपए की ठगी कर ली है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय स्टेशनपारा निवासी सुनील जैन पिता हुकुमचंद को 28 नवंबर को उसके मोबाइल पर टेलीग्राम आईडी में काम करने का फोन आया। फोन पर अच्छा कमीशन मिलने का झांसा दिया गया। संपर्क करने पर एकाउंट बनाने कहा गया। आईडी जनरेट करते ही ठग ने अलग-अलग होटल व रिसोर्ट बुकिंग कराया। इसके बदले सुनील को 2 दिसंबर को 1184 रुपए का कमीशन मिला। उसे दूसरे ग्रुप से जोड़ा गया। 10 हजार भेजने पर सुनील के खाते में 15510 रूपए का कमीशन प्राप्त हुआ। इसी तरह रूपए जमा कराने तीन बार कमीशन मिला। 6 दिसंबर को ठगों ने 1 लाख जमा करने पर 50 प्रतिशत कमीशन बोनस मिलने का झांसा दिया। सुनील ने उसकी बातों पर विश्वास कर दिए गए खाते में राशि डाल दी। बुकिंग पूरी नहीं होने की बात करते हुए ठग ने 1 लाख 72 हजार 539 रुपए खाते में और जमा करवाया। इसके बाद 3 लाख जमा करने पर 9.25 लाख देने का लालच दिया। सुनील ने पैसों की व्यवस्था कर 3 लाख के बाद लगभग 5.78 लाख आरटीजीएस कर दिया। इसके बाद सुनील ने वेबसाइट में दिए गए एकाउंट को विड्राल करने का प्रयास किया, लेकिन विड्राल नहीं पाया। इसके बाद 7 लाख 69 हजार 230 रुपए जमा किया। इस तरह ठगों ने मोटा कमीशन देने का झांसा देकर सुनील से अलग- अलग वेबसाइट व टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से कुल 19 लाख 45 हजार 458 रूपए की ठगी कर ली। ठगी होने का अंदेशा होते ही सुनील ने कोतवाली पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 66 डी व बीएनएस की धारा 318/4 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## कम्प्यूटर हार्डवेयर और सिलाई मशीन ऑपरेटर का मिलेगा प्रशिक्षण

**धमतरी।** लाईवलीहुड कॉलेज में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत कम्प्यूटर हार्डवेयर और सेविंग मशीन ऑपरेटर (सिलाई) कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के इच्छुक आवेदकों से 16 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटो दस्तावेज लगाकर सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में नियत तिथि तक जमा किया जा सकता है।

## उड़नदस्ता दल ने तीन प्रतिष्ठानों में 54 क्विंटल अवैध धान पकड़ा

- अब तक 57 प्रकरण दर्ज कर कुल 4066 .60 क्विंटल अवैध धान जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान के अवैध भण्डारण और परिवहन कर खरीदी केन्द्रों में लाकर विक्रय करने की आशंका बनी रहती है। कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा इसकी रोकथाम हेतु जिले के प्रत्येक विकासखंड में राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों का ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया है। दल ने अवैध धान भण्डारण, परिवहन करने वालों के खिलाफ 14 नवम्बर से अब तक मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई कर 57 प्रकरण दर्ज कर कुल 4066.60 क्विंटल अवैध धान जब्त किया है।

दल ने मोनिष किराना स्टोर ग्राम पुरी, हर्ष किराना एण्ड जनरल स्टोर ग्राम पुरी तथा चैतराम साहू ग्राम भटगांव के प्रतिष्ठान में आकस्मिक जांच की। जांच में हर्ष किराना में 40 कट्टा (16 क्विंटल), हर्ष किराना एण्ड जनरल स्टोर ग्राम पुरी में 25 कट्टा (10 क्विंटल) तथा चैतराम साहू 70 कट्टा (28 क्विंटल) अवैध धान का भण्डारण पाये जाने पर उनके विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर कुल 135 कट्टा (54 क्विंटल) अवैध धान जब्त किया।

नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों सरपंच मुनेन ने पुरस्कार ग्रहण किया

# हरदीभाठा पंचायत को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले के नगरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हरदीभाठा को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2024 समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के हाथों हरदीभाठा के सरपंच मुनेन कुमार ने पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर सीईओ जिपं रोमा श्रीवास्तव और ग्राम पंचायत सचिव मदन सिंह भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विभिन्न श्रेणियों में हर साल पुरस्कार दिए जाते हैं। इस साल ये पुरस्कार कुल 15 राज्यों की 45 पंचायतों व संस्थाओं को दिए गए। इसी के तहत दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार 27 पंचायतों को प्राप्त हुआ है। इनमें धमतरी जिले के नगरी विकासखण्ड का ग्राम पंचायत हरदीभाठा शामिल है। पुरस्कार कुल 9 विषयों के तहत दिया जाता है, जिनमें गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका युक्त पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, जल पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा युक्त पंचायत, सामाजिक रूप से न्यायसंगत एवं सामाजिक रूप से संरक्षित पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत और महिला हितैषी पंचायत शामिल हैं। ग्राम पंचायत को 50 लाख रुपए पुरस्कार की राशि भी प्रदान की गई।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**खबर संक्षेप**

### नहर नाली की होगी सफाई

**अंवरी।** नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद संतोषी निषाद ने किसानों की सिंचाई



समस्या को लेकर कार्यपालन अभियंता महानदी जलाश्य परियोजना बांध संभाग क्रमांक - 2 रुद्री धमतरी को पत्र प्रेषित किया था। शासन ने स्थल निरीक्षण में पाया कि नहर में अत्यधिक सिल्ट जमा हो गई है। शहर का ड्रेनेज़ भी नहर में डाल दिया गया है जिसके कारण गंदगी है। शासन द्वारा 2024-25 के बजट में शामिल किया गया है जिसका डीपीआर शासन को प्रेषित किया गया है। स्वीकृति उपरांत निविदा के माध्यम से कार्य किया जाएगा। इससे भठेली भखारा के किसानों में हर्ष है।

### बकोरी में मड़ई 15 को

**मगरलोड।** ग्राम बकोरी में ग्रामवासियों के सहयोग 15 दिसंबर रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए पूजा के फूल छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम खल्लारी जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष लोकेश्वर साहू, सचिव राजकुमार साहू ने दी है।

### छाती में पंथी नृत्य प्रतियोगिता 18 से

**पुरी।** ग्राम छाती में सतनामी समाज समिति के तत्वावधान में बाबा गुरु घासीदास जयंती एवं पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 18 और 19 दिसंबर को किया जा रहा है। प्रथम पुरस्कार 10001 रु, द्वितीय 7001 रु. तृतीय पुरस्कार 5001 रु. रखा गया है। प्रवेश शुल्क 201 रु. है। शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि नीशु चंद्राकर उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी होंगे। अध्यक्षता विजय गायकवाड़ जनपद सदस्य धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि नीलकुमार बारले, लालचंद दिली होंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता राकेश देवांगन सरपंच छाती करेंगे। विशिष्ट अतिथि कमलेश चंद्राकर उपसरपंच छाती, नरेंद्र साहू होंगे।

**निधन**

### सुदामामल सचदेव

**धमतरी।** सुदामामल सचदेव 101 वर्ष का निधन हो गया। वे मोतीलाल



सचदेव, बसंत कुमार, गणेश सचदेव, श्रवण कुमार के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार राजनांदगांव में किया गया। उनके निधन पर मोतीलाल सचदेव, बसंत कुमार, गणेश सचदेव, श्रवण कुमार, जितेन्द्र सचदेव समेत अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

**गुप्त व यौन रोग कमजोरी**

स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।

**संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना**

अंबेडकर चौक, दुर्गा मंदिर के पीछे, होम प्लेज के ऊपर धमतरी मो. 9174466336

उपार्जन केंद्र में 23298.40 क्विंटल धान जाम, खरीदी हो सकती है बाधित

# मोहंदी सोसाइटी में धान परिवहन की रफ्तार सुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

राज्य में 14 नवंबर से धान खरीदी हो रही है। अधिकांश धान खरीदी केन्द्रों में धान का परिवहन कछुआ चाल से हो रहा है। जिससे सोसाइटियों में धान खरीदी प्रभावित हो सकती है।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मोहंदी सोसाइटी अध्यक्ष जनकलाल साहू, समिति प्रबंधक जगदीश साहू, लेखापाल गोपाल साहू ने बताया कि 14 नवंबर से 11 दिसंबर तक सोसाइटी में 740 किसानों से 33758.40 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है। जिसमें



मोटा धान 16864 क्विंटल, पतला धान 7930 क्विंटल और सरना धान 8963 क्विंटल हैं। किसानों ने 7 करोड़ 78 लाख 29 हजार 936 रूपये की धान बिक्री की है। लिंकिंग के माध्यम से 2 करोड़ 22 लाख 58 हजार 984 रूपये ऋण वसूली की गई है। किसानों के खाते में 5 करोड़ 55 लाख 43 हजार 951 रूपये ऑनलाइन भुगतान किया गया है। प्रतिदिन 5 हजार से अधिक बरदाना की खरीदी हो रही है। धान का परिवहन नहीं होने से फड़ में धान जाम हो चुका है। अगर एक दो दिन में धान का उठाव नहीं हुआ तो खरीदी बंद करनी पड़ सकती है। अभी तक मात्र 10460 क्विंटल धान का परिवहन हुआ है। 23298.40 क्विंटल धान फड़ में जाम है। खरीदी करने के लिए जगह नहीं बची है। डीओ कटने के बाद भी परिवहनकर्ता धान उठाव करने में ध्यान नहीं दे रहा है।

# विधायक अंबिका ने किया धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण

- पुराने बारदानों में खरीदी पर जताई असहमति, धान परिवहन के लिए कलेक्टर को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने सोसाइटियों में चल रही धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। बुधवार को विधायक अंबिका मरकाम ने मोहंदी, मगरलोड, बेलरदोना, करेली छोटी सोसाइटियों के धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया।

विधायक अंबिका मरकाम ने बताया कि राज्य सरकार खरीदी केन्द्रों में पुराने बारदानों से खरीदी कर रही है जिससे किसानों व सोसाइटी को नुकसान हो रहा है। सरकार किसानों को वादे के मुताबिक 3100 रूपये क्विंटल दर से राशि नहीं दे रही है। विधायक ने मोहंदी धान खरीदी केन्द्र में धान



कांटा वजन की जानकारी ली। सोसाइटी में धान बेचने आए किसानों से बातचीत की। कार्यालय का निरीक्षण किया। धान खरीदी केन्द्रों में परिवहन नहीं होने से धान जाम हो गया है। जल्द उठाव के लिए कलेक्टर को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डीहूराम साहू, जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद वन सभापति हरि विनायक सिन्हा, रवि निर्वाण, जगदीश साहू, बालगोविंद साहू, हरिराम साहू, पुरूषोतम सिन्हा, गोवर्धन साहू, फूलजी सिन्हा, खिलेश्वरी साहू, स्मिता सिंह, रहमान खान, मोहंदी सोसाइटी अध्यक्ष जनकलाल साहू, समिति प्रबंधक जगदीश्वरनाथ साहू, लेखापाल गोपाल साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर अशोक साहू, कमल यादव, शेखन यादव, डोमार ध्रुव मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में किसान हुए समृद्ध : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

भाजपा सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर आदिम जाति सहकारी सेवा समिति मर्यादित घठुला में सुशासन दिवस मनाया गया। किसानों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। छत्तीसगढ़ महतारी एवं भारतमाता के तैलचित्र में पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। धान खरीदी केंद्र घठुला में किसानों का शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागेंद्र शुक्ला प्रभारी बेलरगांव मंडल भाजपा थे। अध्यक्षता खुशीराम नाग लैम्पस अध्यक्ष ने की। अतिथियों ने भाजपा सरकार के सुशासन व



जनहित के कार्य को किसानों को बताया। कहा कि भाजपा सरकार महतारी वन्दन से लेकर किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य लेकर चल रही है।

मौके पर रवि दुबे नगरी मंडल प्रभारी, सरपंच राजू सोम, मंडल अध्यक्ष अकबर कश्यप, महामंत्री राकेश चौबे, मंडल उपाध्यक्ष मोहन पुजारी, भाजयुमो अध्यक्ष मोनु साहू, पूर्व लैम्पस अध्यक्ष हेमंत नाग, लैम्पस प्रबंधक यशु सोनी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष वीरेंद्र मिश्रा, जीवन साहू, लतखोर पटेल, लखन नाग, सुरेंद्र नाग, भुनेश्वर साहू, जीवन साहू, उत्तम साहू, अजय नाग, भानेन्द्र सूर्यवंशी, वाशु पटेल, देवा सोम, खिलावन साहू, विष्णु ओरसा, कमलेश यादव, नितिन यादव, दिलीप साहू सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# लीलाराम को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम धूमा निवासी कृषक लीलाराम साहू के निधन पर कुरूद विधानसभा के कांग्रेसियों ने गहरा दुख व्यक्त किया। उनके निवास स्थान पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि जैविक खेती में उपलब्धि हासिल करने वाले लीलाराम साहू को राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अनेक संस्थाओं ने सम्मानित किया था। उन्होंने कठिन मेहनत व जागरुकता से कृषि जगत को नई दिशा प्रदान की। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि मिलनसार, ऊर्जावान स्व. साहू की कृषि में उपलब्धि के साथ राजनीतिक,



समाजसेवा क्षेत्र में अग्रणी भूमिका रही। उनकी कार्यकुशलता, मेहनत व नई सोच लोगों के लिए प्रेरणादायक है।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त राजकुमारी दीवान, जिपं सभापति सुमन साहू, ब्लाक कांग्रेस उपाध्यक्ष पूर्णेंद्र देव साहू, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री कृष्ण साहू, पूर्व एल्डरमेन मनोज अग्रवाल, जपं सभापति रविन्द्र साहू, संतोष साहू, पुरुषोत्तम साहू, गजेन्द्र साहू, जोन अध्यक्ष चेतन यादव सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद थे।

# श्रद्धालुओं ने सुनी कृष्ण जन्म की कथा

- भाठागांव में श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़ रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम भाठागांव में 7 से 14 दिसंबर तक स्व. सोहनलाल चंद्राकर एवं स्व. सुलेना चंद्राकर की स्मृति में चंद्राकर परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक पं. अजय प्रसाद चतुर्वेदी डोटोपार बालोद हैं। दोपहर 2 से 5 बजे तक श्रद्धालु भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं। कथावाचक पं. अजय प्रसाद चतुर्वेदी ने 10 दिसंबर को प्रहलाद



चरित्र, वामन अवतार, 11 दिसंबर को कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

# रासेयो छात्रों ने दिया नशामुक्ति का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

शाउमावि भाठागांव व्दारा ग्राम बंजारी में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हुआ। अतिथि त्रिवेणी पाल



सरपंच बंजारी, तुलाराम पाल, दिनेश बंजारे थे। सात दिवसीय शिविर में भाठागांव के 50 विद्यार्थियों व्दारा नलकूप, बोरिंग, तालाबों की सफाई समेत पौधरोपण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया। मंच संचालन हरीश देवांगन कार्यक्रम अधिकारी व आभार प्रदर्शन मेनका निषाद ने किया। शिविर में ममता रानी वारदे व ओमप्रकाश कुर्रे का विशेष सहयोग रहा।

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम-देमार
प.ह.नं.- 24
जिला-धमतरी छ.ग.

सर्व साधारण आम जनता ग्राम देमार तह./जिला धमतरी छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक आत्माराम वल्द स्व. दीनदयाल यादव निवासी ग्राम देमार तह./जिला धमतरी द्वारा अपनी माता केजई बाई की मृत्यु दिनांक 16/01/2016 को स्थान देमार में होने एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने हेतु इस न्यायालय में मय दस्तावेज आवेदन किया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/निकाय/संस्था को आपत्ति दावा हो तो वह पेशी दिनांक 10/12/2014 के पूर्व आपत्ति संबंधी मय दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। म्याद अवधि गुजरने पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनांक 26/11/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक
**तहसीलदार धमतरी (छ.ग.)**

# टीबी मरीज को दिया पोषण किट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम पंचायत कोंडापार के सोसाइटी अध्यक्ष जीवनलाल ने निश्चय मित्र बनकर टीबी मरीज रजवंतीन यादव पति पुनीत यादव को पोषण किट प्रदान किया। इस दौरान सीएचओ गायत्री गंगेले, आरएचओ राकेश भारती और मितानिन परमेश्वरी साहू उपस्थित थी।

# हमारा मत ही देश का भविष्य तय करता है : डॉ. यशोदा

- जिला सहकारी बैंक के पास किसानों को मतदान का महत्व समझाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के निर्देशन एवं स्वीप प्रभारी डॉ.यशोदा साहू के मार्गदर्शन में स्वीप कैंपस एंबेसडर पंकज साहू एवं गीतांजलि द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप प्रभारी द्वारा जिला सहकारी बैंक मगरलोड के पास मतदाता जागरूकता अभियान




चलाया गया।

स्वीप प्रभारी डॉ. यशोदा साहू सहायक प्राध्यापक इतिहास ने बताया कि आगामी स्थानीय निर्वाचन में मतदाताओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। जिला सहकारी बैंक के पास किसानों को मतदान का महत्व समझाया गया। बताया गया कि लोकतंत्र में मतदान एक महापर्व होता है जिसमें सभी मतदाता हिस्सा लेकर अपनी कीमती मत का दान करते हैं और देश का प्रतिनिधि चुनते हैं। हमारा मत ही देश का भविष्य तय करता है। देश का हर एक नागरिक जब मतदान के महत्व को समझ कर मत देता है, तभी देश को ईमानदार और काम करने वाला प्रतिनिधि मिलता है। मंदिरों में किया गया दान हमें पुण्य देता है, तो वही लोकतंत्र में मत का दान हमें अच्छा प्रतिनिधि देता है। लोकतंत्र में मत को सबसे बड़ा दान कहा जाता है और यह दान देने में हमारा कोई नुकसान नहीं है। लोकतंत्र तभी तक सुरक्षित है जब तक सभी लोग मतदान करते रहेंगे। उन्होंने वोटर आईडी कार्ड बनाने संबंधी जानकारी दी।

समिति अध्यक्ष ने शासकीय योजनाओं का लाभ उठाने किया प्रेरित

# कचना में हुआ किसानों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

कचना कृषि साख सहकारी समिति में सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर किसान सम्मान कार्यक्रम रखा गया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मोहित जैन, समिति सुपरवाइजर ललित देवांगन, समिति प्रबंधक बंशी निषाद ने कृषकों को किसान उन्नति योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अलावा अन्य मद में दिए जाने वाले



अल्प और लघुऋण के बारे में जानकारी दी। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समिति अध्यक्ष अलखराम साहू ने कृषकों को समिति से जुड़कर शासन की योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया।

इस दौरान कृषक लीलाराम साहू, पीलूराम यादव, कामताप्रसाद साहू, चोवाराम साहू, केदार साहू, भूखनराम साहू, अशोक साहू, यशवंत साहू, जितेंद्र साहू, झामुराम चक्रधारी, हेमलाल साहू, मनबोध साहू, अशोक साहू, लक्ष्मी साहू, भरत देवांगन, खेदूराम देवांगन, टंकेश साहू, सेवाराम साहू, पुरूषोतम निषाद, प्रेम निषाद का सम्मान कचना के कर्मचारी उमेंद्र धीवर, कमलेश साहू, रितेश्वर साहू ने श्रीफल भेंटकर किया।

**Pride of Dhamtari**

**राजनीतिक कटआउट**
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
**हीरा आर्ट्स** सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400




**विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि**
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### चाकू के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज पुलिस ने दो लोगों को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 10 दिसंबर को तेलघानी नाका ओवरब्रिज के नीचे तुलसी पाल 23 वर्ष निवासी नर्मदापारा रायपुर को चाकू के साथ पकड़ा। इसी तरह आरोपी नितिन हरिजन उर्फ बीडी 19 वर्ष निवासी कलिंग नगर गली नंबर 1 गुढ़ियारी को भी 12 इंच का चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल वारंट पर केंद्रीय जेल भेज दिया है।

### एशियन पेंट चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने चोरी के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी अशोक नगर दुर्गा चौक के पास एशियन पेंट से भरी गाड़ी से 4 काटून पेंट चोरी कर ले गए थे। जांच करते हुए पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का पेंट बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मोहित ध्रुव उर्फ बबलू 25 वर्ष निवासी बड़ा अशोक नगर एवं प्रकाश यादव उर्फ भुरू 23 वर्ष निवासी महतारी चौक दुर्गा मंदिर गुढ़ियारी शामिल हैं। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 2 काटून 6 डिब्बा एशियन पेंट जब्त किया है, जिसकी कीमत 48 हजार 370 रुपए है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### चाकू लेकर लोगों को डराते एक गिरफ्तार

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। आरोपी चाहत सेन 21 वर्ष शिव चौक लालपुर का निवासी है। पुलिस को सूचना मिली कि गुरुमुख सिंह नगर मोड़ के पास एक युवक हाथ में चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते घूम रहा है, जिसे मौके पर चाकू के साथ पकड़ा। पुलिस आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है।

### 10 लाख की ठगी, केस दर्ज

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन का सौदा करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी गणेश गौले मन्नूचौक टिकरापारा दयालबंद बिलासपुर का रहने वाला है। पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में उसने बताया कि मंजू देवी अग्रवाल नामक महिला ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उसके साथ ठगी की है। गणेश जमीन खरीदना चाहता था। इसके लिए उसने मंजू से संपर्क किया था। मंजू ने उसे अपनी बताकर एक जमीन दिखाई थी, जिसका सौदा उसने किया था। इस जमीन के मंजू ने दस्तावेज भी दिखाए, जिसे देखने के बाद उसने 10 लाख रुपए उसे दिए, लेकिन बाद में दस्तावेजों की जांच कराई, तो सभी फर्जी निकले। मंजू ने उस जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर जमीन का सौदा किया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 318-4, 338, 336-3, 340, 3-5 के तहत केस दर्ज किया है।

### केंद्रीय मंत्री किंजरापु से मिले बृजमोहन

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से मुलाकात की। इस दौरान रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने के संबंध में एयरपोर्ट पर कस्टम, इमिग्रेशन ऑफिस, कार्गो हब, नाइट पार्किंग सुविधा विकसित करने को लेकर व्यापक चर्चा कर रायपुर एयरपोर्ट के उन्नयन के लिए अपने विचार साझा किए। बैठक का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की कनेक्टिविटी को मजबूत बनाना और इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों पर ले जाना था। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल और विधायक सुनील सोनी भी उपस्थित रहे।

### सौर ऊर्जा से जगमग होंगे 23 प्रमुख पर्यटक स्थल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोनाखान की धरती से बलौदाबाजार भाटापारा जिले के 23 प्रमुख ऐतिहासिक एवं पर्यटक स्थलों के लिए सोलर हाईमास्ट लगाने की महत्वपूर्ण घोषणा की है। इसमें 23 स्थानों पर 50 से अधिक सोलर हाईमास्ट लाइट लगाने की तैयारी की जा रही है। सोलर हाईमास्ट लाइट लगने से पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी।

प्रदेश सरकार पर लगाया वादा खिलाफी करने का आरोप

# युकांइयों ने नारेबाजी प्रदर्शन कर एसडीएम कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

धान खरीदी केंद्रों में गड़बड़ी, बदहाल टोकन व्यवस्था, बारदाने की कमी, वादे किए मूल्य में धान खरीदी नही करने, क्षेत्र में बढ़ती नशाखोरी, चाकूबाजी, जुआ सट्टा आदि अपराधों में अंकुश लगाने, महानदी मेघा पुल में तत्काल पक्का रपटा निर्माण कराने, मगरलोड देशी शराब दुकान को मुख्य मार्ग से हटाये जाने, भखारा के शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थाई एमबीबीएस चिकित्सक की मांग एवं छत्तीसगढ़ के बड़े-छोटे उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग व सत्ता में आने के बाद भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी करने का आरोप लगाकर कुरूद विधानसभा युवा कांग्रेस ने जमकर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कार्यालय का घेराव किया।

बुधवार को युकां विस अध्यक्ष देवव्रत साहू के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कांग्रेस भवन कुरूद से रैली निकालकर राज्य सरकार और स्थानीय विधायक के ख़िलाफ़ किसान हित और जनहित की विभिन्न मांगों को लेकर ज़ोरदार नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय कुरूद का घेराव किया। युकांइयों को पुलिस ने कार्यालय के गेट के पास रोक दिया। नायब तहसीलदार जब ज्ञापन लेने प्रदर्शनकारियों के पास पहुंचा तो नाराज युकांइयों ने एसडीएम को ही ज्ञापन देने की मांग करके धरने पर बैठ गए। जिसके बाद प्रशासन द्वारा सभी कांग्रेस जनों को अंदर जाने दिया गया। तत्पश्चात एसडीएम कुरूद को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर कांग्रेसी नेता लेखराम साहू, शारदा लोकनाथ साहू, तपन चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, सुमन साहू, कुसुमलता साहू, प्रमोद साहू, गिरीश साहू, नरेंद्र सोनवानी, भारतभूषण साहू, कमलनारायण साहू, मनीष साहू, उत्तम साहू, पप्पू राजपूत, पंकज जोशी, उमेश साहू, योगेश साहू, सौरभ पाल, शरद निषाद, ताकेश्वर सोनी, दुष्यंत कुमार, हिमेश कुमार, अर्जुन ध्रुव, भागवत सेन, नुकेश साहू, लक्ष्मीकांत साहू, लीलेश साहू, आकाश साहू, हिमांशु अड़िल, शुभम तारक सहित अनेक युवा कांग्रेसी उपस्थित थे।

**12 सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**




**जनसुविधाओं की जगह अपराधों में हो रही वृद्धि**

ब्लाक युकांध्यक्ष कुरुद डुमेश साहू और मगरलोड इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश और कुरूद क्षेत्र में चोरी डकैती, लूट पाट, हत्या, बलात्कार खुलेआम हो रहा है। कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है। जनमानस में डर का माहौल है। इस सरकार में खुले आम जुआ-सट्टा, शराब बिक रही है। मगरलोड देशी शराब दुकान मुख्य मार्ग में संचालित की जा रही है जिससे क्षेत्रवासियों, महिलाओं, छात्र-छात्राओं को शर्मिंदा होना पड़ रहा है। भखारा के पुखराज साहू ने कहा कि शासकीय सामुदायिक केंद्र भखारा में अभी तक स्थायी एमबीबीएस चिकित्सक नहीं है। 50 बिस्तरों वाला सिर्फ एक भवन है। इलाज की सुविधा बिल्कुल भी नहीं हैं।

**प्रदेश सरकार किसानों को कर रही है प्रताड़ित**

युकांध्यक्ष देवव्रत साहू ने कहा कि भाजपा की कथनी व करनी में फर्क है। प्रदेश सरकार किसानों को प्रताड़ित कर रही है। इस वर्ष टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। ऑनलाइन में 15-20 दिन तक फुल दिखाया जा रहा है। सोसाइटियों में धान का उठाव नहीं होने के कारण खरीदी बाधित हो रही है। तय समय पर किसानों को भुगतान नहीं किया जा रहा है। घोषणा पत्र के अनुसार 3100 रूपये में एकमुश्त धान खरीदी करने की बात कही थी परंतु अभी किसानों को केवल 2300 रूपये में भुगतान किया जा रहा है जो किसानों के साथ वादाखिलाफी है।

# कबड्डी में रायपुर की महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दम






■ सिहावा विधायक कोलियारी में सामुदायिक भवन के भूमिपूजन व कबड्डी स्पर्धा में हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

विधायक अंबिका मरकाम ग्राम पंचायत कोलियारी के पटेलपारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिये भूमिपूजन किया। कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुई।

विधायक ने कहा कि गांव में सामुदायिक भवन के निर्माण से लोगों को विभिन्न कार्यक्रम के लिए सुविधा मिलेगी। आगे कहा कि कबड्डी शारीरिक के साथ-साथ मानसिक मजबूती के साथ खेला जाने वाला खेल है। आज पुरुषों के साथ-साथ महिलायें भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर देश का नाम रोशन कर रही हैं।

रायपुर की महिला खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए अनुशासित खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलसीराम साहू सरपंच ग्रापं कोलियारी ने की। विशिष्ट अतिथि बंशीलाल सोरी जनपद सदस्य नगरी, भूषणलाल साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नगरी, सचिन भंसाली विधायक प्रतिनिधि, आसवन गोटा, रामलाल तुमरेटी, जलसुराम कुंजाम, प्रमोद कुंजाम, मायक ध्रुव, राधा ठाकुर, छोटूराम कोर्राम थे।

# भाजपाइयों ने शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भाजपा शहर मंडल द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष कविन्द्र जैन, मंडल अध्यक्ष विजय साहू, नगर पालिक निगम के प्रतिपक्ष नेता नरेंद्र रोहरा, धनीराम सोनकर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश सोनकर, डीपेन्द्र साहू, अखिलेश सोनकर, अज्जू देशलहरे, पूर्व पार्षद अनीता सोनकर, मदन साहू, विनोद राव, संतोष सोनकर, शिव नेताम, शंकर ध्रुव उपस्थित थे।

# न्योता भोजन से ढाई लाख से अधिक बच्चे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

**जिले में 16 फरवरी से चारों विकासखण्ड के 4 हजार 778 स्कूलों में न्योता भोजन लागू**

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनान्तर्गत सभी शासकीय एवं अनुदान प्राप्त प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में न्योता भोजन का आयोजन किया जाता है। जिले में 16 फरवरी 2024 से न्योता भोजन लागू किया गया है। अब तक जिले के चारों विकासखण्ड के 4 हजार 778 स्कूलों के 2 लाख 59 हजार 126 बच्चे लाभान्वित हुए हैं। यह विभिन्न त्यौहारों, अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर बड़ी संख्या में लोगों को भोजन प्रदान करने की भारतीय परम्परा पर आधारित है। इसी आधार पर प्रदेश में तिथि भोजन को न्योता भोजन के नाम से लागू किया गया है। यह पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं।



बता दें कि न्योता भोजन स्कूलों में दिए जाने वाले भोजन का विकल्प नहीं है, बल्कि यह केवल स्कूल में प्रदाय किए जाने वाले भोजन का पूरक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने योजना की सराहना करते हुए इस दिशा में जनसमुदाय में व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक स्कूलों में न्योता भोजन आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा, ताकि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना से लाभान्वित हो रहे बच्चों को अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पूर्ण भोजन के रूप में पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान किया जा सके।

# युवा थीम पर आयोजित हुआ रासेयो शिविर




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

युवा थीम पर राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज धमतरी की इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत भोथापारा (माड़मसिली) में आयोजित किया गया था। शिविर में स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ डीएस रघुवंशी पहुंचे थे। उन्होंने स्वयंसेवकों को विभिन्न कैंप के बारे में बताया। शिविर के समापन अवसर पर स्वयं सेवकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। स्वयंसेवकों ने नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और नशामुक्ति अभियान के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। कार्यक्रम की अतिथि सरपंच श्रीमती शांति बाई कुंजाम एवं पंचगण तथा प्राचार्य जीआर साहू थे। रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश डड़सेना ने कहा कि अगर आपको नौकरी करनी है तो सुबह 10 से शाम 5 काम करो। सेवा करनी है तो सुबह 6 से रात 10 तक काम करना पड़ेगा।

# मेटल आयंस इन बायोलॉजिकल प्रोसेस पर हुई व्याख्यानमाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में मेटल आयंस इन बायोलॉजिकल प्रोसेस पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ.चंदा वर्मा सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई थीं। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने की। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष आकाश साहू, राजेश जांगड़े, दानेश्वर, रामचंद सोनी, मधुमाधव देव एवं डॉ सुषमा साहू उपस्थित थे।

डॉ. वर्मा ने बताया कि धातु आयन कैसे जैविक प्रक्रियाओं को संचालित और प्रभावित करते हैं। उन्होंने बायोलॉजी मेडिसीन और पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। विभिन्न धातु आयन जैसे कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक, आयरन और कॉपर का शरीर में महत्वपूर्ण जैव रासायनिक प्रक्रियाओं का प्रेजेंटेशन से छात्राओं को अवगत कराया। बताया कि ये आयन एंजाइमों की सक्रियता कोशिकीय सग्निलिंग और डीएनए संश्लेषण जैसी प्रक्रियाओं में अहम भूमिका निभाते हैं। एंजाइम की ताला चाबी परिकल्पना को समझाते हुए बताया किस तरह एंजाइम और सब्सट्रेट एक दूसरे से इंटरैक्ट करते हैं। ड्रग के संघटन की हमें जानकारी होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एमएससी रसायन की छात्रा विद्या सिन्हा तथा आभार व्यक्त गीतांजलि टंडन ने किया।

### भाषण में चुम्मेश्वरी व निबंध लेखन में डिगेश्वरी अव्वल

**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की रासेयो इकाई 2 एवं रेडरिबन क्लब इकाई 2 के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डा. अरुण मिश्रा के नेतृत्व में एड्स जागरूकता अभियान कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगोली, भाषण, चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदार रहने की प्रेरणा देना था। कार्यक्रम का आरंभ रासेयो इकाई 2 की कार्यक्रम अधिकारी रेणु पाटले के उद्बोधन से हुआ जिसमें उन्होंने छात्रों को एड्स की रोकथाम, इसके लक्षण, उपचार और समाज में इस विषय पर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। भाषण प्रतियोगिता में चुम्मेश्वरी ने प्रथम एवं वंदना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में मनीषा प्रथम एवं होमिन द्वितीय रही।

# नवोदय एवं एकलव्य आवासीय परिसर परीक्षा की तैयारी



■ गोंडवाना समाज कर्मचारी प्रभाग ब्लॉक ने शालाओं में नि :शुल्क पुस्तकें बांटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

गोंडवाना समाज कर्मचारी प्रभाग ब्लॉक नगरी के तत्वावधान में उपक्षेत्रीय कर्मचारी प्रभाग दुगली द्वारा मुड़ाक्षेत्र के आश्रित ग्राम बिरनपारा, पंडरीडबरी, कोलियारी, गुहाननाला, महमल्ला, दुगली, कौहाबाहरा, दिनकरपुर, देवगांव, मुनईकेरा, बांधा में नवोदय एवं एकलव्य आवासीय परिसर परीक्षा की तैयारी के लिए सभी शालाओं में निःशुल्क पुस्तक का वितरण किया गया। इसका मकसद ग्रामीण बच्चों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाना और परीक्षाओं में भाग लेने हेतु प्रेरित करना है ताकि ग्रामीण प्रतिभाएं भी बाहर आये। इस कार्य में कर्मचारी प्रभाग के अध्यक्ष खम्मन मंडावी, सचिव दिलीप साक्षी, संरक्षक बुधराम नेता, चिंताराम तुमरेटी, उपाध्यक्ष भुवन सिंग मंडावी, सहसचिव पवन मंडावी, बलिहार सोरी, ललेश्वरी सोरी, निर्मला तुमरेटी का विशेष सहयोग रहा।

भटगांव के किसान प्रेमचंद ने धान बोनस की राशि को बेटे की पढ़ाई में किया खर्च

# कृषक उन्नति से किसान का बेटा कर रहा बीएससी एग्रीकल्चर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

खेती-किसानी का काम काफी चुनौती भरा होता है, कभी मौसम की बेमानी से होनी वाली अधिक वर्षा तो, कभी अल्पवर्षा। अगर वर्षा ठीक रही तो फसल में बीमारी या कीट प्रकोप से निपटना एक बड़ी समस्या होती है, जिसके कारण किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। आधुनिकता की इस दौड़ में खेती-किसानी का काम पीछे छूटते व्यवसाय को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खेती-किसानी को आय का जरिया बना दिया है। किसानों की आय को दोगुना करने के लिए अनेक किसान हितैषी योजनाएं संचालित की है। इन्ही योजनाओं में से एक है, मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना।

जिले के ग्राम भटगांव निवासी प्रेमचंद साहू, जो मुख्यमंत्री कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित किसान हैं वे बताते हैं कि उनके पास लगभग साढ़े सात एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे खेती-किसानी कर अपना और अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे है। उनकी पत्नी घर का कामकाज सम्हालती हैं।

उनके दो बेटे हैं, जिसमें बड़ा बेटा यशराज राजधानी रायपुर में बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रहा है। वहीं छोटा बेटा स्थानीय निजी स्कूल में कक्षा 10 वीं की पढ़ाई कर रहा है।



श्री प्रेमचंद ने बताया कि खेती किसानी पुस्तैनी काम है, जिसे उनके पूर्वज करते आये और अब वे खुद सम्हाल रहे हैं। वे खरीफ में धान की फसल और रबी में चना की फसल लेते है।

गत वर्ष धान विक्रय की लगभग 32 हजार रूपये का बोनस उन्हें प्राप्त हुआ था, जिसका उपयोग उन्होंने अपने पुत्र की पढ़ाई के लिए किया। वे कहते हैं कि खेती-किसानी को अगर आधुनिक पद्धति से किया जाये, तो यह आय का अच्छा साधन बन सकता है, इसके लिए वे अपने पुत्र को एग्रीकल्चर की पढ़ाई करा रहे हैं।

### डांडेसरा में सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत डांडेसरा में कैलाश साहू से रविशंकर साहू के घर तक 3 लाख से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य सुभाष ध्रुव, ग्राम पटेल अंगदराम साहू, सरपंच बिन्दुबाई साहू, ग्रामीण अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, गोपेश्वर जोशी, इंदिरा साहू उपस्थित थे।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गर्ल्स कालेज में आज रक्तदान शिविर

**धमतरी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी में जिला चिकित्सालय के सहयोग से आज गुरुवार को नि:शुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। ब्लाक काउंसलर रेडक्रास के डा.चंद्रशेखर बांधे ने समाजजनों से शिविर में उपस्थिति प्रदान कर महादान का काम करने का आग्रह किया है।

### बायोटेक्नालॉजी की प्रायोगिक परीक्षा आज

**कुरूद।** एमएससी बायोटेक्नालॉजी के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के नियमित, एटीकेटी एवं भूतपूर्व परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 12 दिसंबर को प्रातः 9 बजे होगी। परीक्षार्थियों को निर्धारित तिथि को समय से आधा घंटा पूर्व विभाग में प्रायोगिक फाइल, लेखन सामग्री, लैब कोट के साथ उपस्थित होने कहा गया है। निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित नहीं होने पर जवाबदारी स्वयं छात्र की होगी।

### नृत्य प्रतियोगिता में सेजल जूनियर चैंपियन बनी



**धमतरी।** रामपुर वार्ड निवासी पुष्पेन्द्र-वर्षा हिरवानी की पुत्री सेजल हिरवानी ने राज्य स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता नच के दिखा के जूनियर वर्ग में चैंपियन बनकर धीवर समाज को गौरवान्वित किया। समाज के महासंरक्षक परमेश्वर फूटान ने कहा कि प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करने लिए समाज द्वारा मंच उपलब्ध कराया जाता है। सेजल की सफलता पर समाज के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, होरीलाल मत्स्यपाल संरक्षक, सोहन धीवर सचिव, सोनू नाग कोषाध्यक्ष, संध्या हिरवानी, आशा धीवर, सावित्री सपहा, फिरोज हिरवानी, दुर्गेश रिगरी ने हर्ष व्यक्त किया है।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव में 155 प्रतिभागी होंगे शामिल

- बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब में होगा आयोजन

**धमतरी।** जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 13 दिसम्बर को किया जाएगा। स्थानीय बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में आयोजित इस जिला स्तरीय युवा उत्सव में जिले के चारों विकासखण्ड के विजेता कुल 155 प्रतिभागी शामिल होंगे। सामूहिक लोकनृत्य के 40, सामूहिक लोकगीत के 34, व्यक्तिगत लोकनृत्य और लोकगीत के 11-11, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण और कविता के 4-4, विज्ञान मेला समूह के 13, हस्तशिल्प और कृषि उत्पाद के 9-9 तथा रॉकबैंड के 10 प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रभारी जिला खेल अधिकारी बी.एक्का ने जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों को बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में सुबह 9 बजे उपस्थित होने कहा है।

### वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए 20 तक कई कार्यक्रम

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धाश्रम धमतरी में 20 दिसंबर तक वृद्धजनों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्री जलाराम ज्ञान यज्ञ समिति को मिले पत्र के अनुसार इस अवधि में वृद्धाश्रम में वृद्धों के कल्याण एवं पुनर्वास संबंधी कार्यक्रम, सम्मान समारोह, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, वरिष्ठ नागरिकों के अनुकूल कैरम, कुर्सी दौड़, लूडो, मटका फोड़, शतरंज, इंडोर गेम्स, रस्सी खींच क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई है।

---

एफआईआर व दंडात्मक कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग

# मतांतरण-धर्मांतरण के विरोध में सनातन सेना ने शहर में किया पैदल मार्च

**राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**






हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सनातन सेना ने जिले में हो रहे मंतातरण, धर्मांतरण के विरोध में शहर में पैदल मार्च किया। सनातनियों ने बैनर, पोस्टर लेकर धर्मांतरण के खिलाफ नारे लगाए तथा संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर व दंडात्मक कार्रवाई करने राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। पैदल मार्च घड़ी चौक से प्रारंभ हुआ जो गोलबाजार, मठमंदिर चौक, चमेली चौक, कचहरी चौक, गांधी मैदान होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचा। यहां मांगों के संबंध में ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान समाजसेवी दीपकसिंह ठाकुर, सनातन सेना प्रमुख डाकेश्वर कुमार, प्रांत सह सेवा प्रमुख मोहन साहू, नगर कार्यवाह गौरव मगर, साहू समाज के जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू, कोमल सार्वा, नामदेव राय, रोशन गोस्वामी, रिंकू सेन ने कहा कि जिले में मतांतरण, धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। इसमें कुछ लोगों द्वारा जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा है। मना करने वालों पर दबाव बनाया जा रहा है। परेशान व्यक्ति आत्महत्या करने मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में धर्मांतरण के दबाव के कारण ग्राम पोटियाडीह के लिनेश साहू ने आत्महत्या कर ली। इससे सनातन समाज में आक्रोश व्याप्त है। धर्मांतरण का खेल पूरे जिले में खुलेआम चल रहा है। इसमें एक धर्म विशेष का योगदान सामने आ रहा है। उनके धर्मगुरु का दबाव उस युवक पर रहा था। ऐसे धर्मगुरुओं पर एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को शासन प्रशासन की ओर से क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए। क्षतिपूर्ति की राशि उस धर्म विशेष के धर्मगुरुओं से वसूली जाए।

उन्होंने बताया कि धर्मांतरण का अवैध कार्य धमतरी जिले में ही नहीं अपितु समूचे छत्तीसगढ़ में खुलेआम चल रहा है।

बैठक और सभा के माध्यम से धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। ऐसे लोगों को चिन्हांकित कर उन्हें शासकीय योजनाओं और आरक्षण से वंचित किया जाए। साथ ही उनके अवैध धार्मिक स्थल पर कार्रवाई की जाए। आगे बताया कि बहुत सी ऐसी संस्था हैं जहां धार्मिक शिक्षा देकर सर्टिफिकेट कोर्स 6 माह से 5 वर्ष तक कराया जाता है। उस संस्थाओं में सनातनी युवक युवतियों को धर्मगुरु बनाने का कार्य किया जा रहा है।

उन विद्यालयों, संस्थाओं को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए ताकि अवैध धर्मांतरण का काम बंद हो। देश की सुरक्षा को प्रभावित करने वाले इन देशी विदेशी संस्थाओं पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इस मौके पर सैकड़ों सनातनी मौजूद थे।

---

## साइकल सवार युवक को स्कार्पियो ने 10 मीटर तक घसीटा, घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- विंध्यवासिनी मंदिर के आगे हुआ हादसा

साइकिल चलाते मंदिर जा रहे युवक को तेज रफ्तार स्कार्पियो ठोकर मार 10 मीटर तक सड़क पर घसीटते हुए ले गया। घायल युवक का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। परिजनों के अनुसार स्थानीय महिमासागर वार्ड निवासी ईश्वर सोनकर पिता मेहत्तरराम उम्र 45 वर्ष प्रतिदिन सुबह 5 बजे विंध्यवासिनी मंदिर की पूजा आरती में शामिल होता है। रोजाना की तरह ईश्वर बुधवार की सुबह साइकिल चलाते मंदिर जा रहा था। इसी दौरान मंदिर पहुंचने से पहले विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियों के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर रांग साइड पर जाकर साइकिल सवार को जोरदार ठोकर मार दी। स्कार्पियो की टक्कर से युवक साइकिल सहित सड़क पर गिरकर कार में फंस गया। चालक स्कार्पियो को वापस मोड़कर वापस भागने लगा। इस दौरान स्कार्पियो युवक को लगभग 10 मीटर तक सड़क पर घसीटते हुए ले गया।

युवक के अलग होते ही स्कार्पियो चालक वहां से भाग गया। घटना में युवक की पीठ बुरी तरह छिल गई है, वहीं शरीर पर अन्य जगह भी चोट आई है। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उपचार जारी है। सुरेंद्र सोनकर की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 125/ए, 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

---



## फेडरेशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन जिला धमतरी के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा विभाग के कुछ मुद्दों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन।

## अंबेडकर वार्ड में सीसी रोड के लिए भूमिपूजन

**धमतरी।** अंबेडकर वार्ड के श्रीराम नगर में पार्षद राजेंद्र शर्मा की निधि से बाबू यादव घर से उत्तम साहू एवं ममता ध्रुव घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। महिलाओं ने बताया कि आने वाले समय में पूस का महीना प्रारंभ होगा। उससे पूर्व वार्ड में सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। कुलेश सोनी ने कहा कि वार्डवासियों की मांग एवं आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों को गति देने हम प्रतिबद्ध हैं।

---

## फसल चक्र परिवर्तन का दिख रहा असर

- जिले में अब तक 23 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे में की गई दलहन, तिलहन की बोनी
- फसल की कटाई मिंजाई के साथ ही दलहन-तिलहन की बुआई में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा मिट्टी की उपजाउ बनाए रखने के उद्देश्य से जिले में जिला प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा दलहन, तिलहन फसल को अधिक से अधिक बोने की अपील की गई। इसके लिए शिविर लगाकर जन-जागरूक भी किया गया, नतीजा अब खेतों में दिखाई दे रहा है। वे अब जल संरक्षण की महत्ता को अंगीकार करते हुए ग्रीष्मकालीन धान के बदले कम जल मांग वाली दलहन, तिलहन फसल का उत्पादन करने में जुटे हुए हैं। जिले में जहां पिछले वर्ष मात्र 15 हजार हेक्टेयेर क्षेत्र में दलहन, तिलहन की फसल ली गई थी, वहीं इस साल अब तक 23 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबा में दलहन, तिलहन की बुआई कर ली गई है।

गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में दलहन, तिलहन फसल लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके विरूद्ध अन्न वाली फसल गेहूं, मक्का, रागी, का 1043 हेक्टेया रकबे में, दलहन फसल चना, मटर, मसूर, मूंग, उड़द तिवड़ा का 17418.60 हेक्टेयर क्षेत्र तथा तिलहनी फसल अलसी, राई सरसों. सूरजमुखी, का 4607.61 हेक्टेयर क्षेत्र में बुआई की जा चुकी है। इस तरह दलहन, तिलहन तथा गेंहू एवं मोटे अनाज की 23 हजार 68 हेक्टेया क्षेत्र में बुआई की जा चुकी है। उप संचालक कृषि ने बताया कि वर्तमान में बुआई कार्य जारी है जिससे यह आंकड़ा परिवर्तित होकर लक्ष्य से अधिक रकबे में अच्छादित होने की संभावना है।

---

## उपमुख्यमंत्री से शहर विकास के मुद्दों पर की चर्चा



**धमतरी।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमराज सोनी ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर धमतरी नगर निगम में लंबित पार्षद निधि राशि जारी करने समेत शहर विकास के मुद्दों पर चर्चा की।

---

## पीजी कॉलेज में इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट का आगाज


मैच में अंडर 14, 17, 19 वर्ष के बालक-बालिका की टीम ले रही भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी फुटबाल क्लब के तत्वावधान में पीजी कॉलेज ग्राउंड में इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट प्रारंभ हुआ है। टूर्नामेंट 25 दिसम्बर तक चलेगा। इसमें अंडर 14, 17, 19 आयु वर्ग के बालक- बालिका का मैच होगा। सभी टीमों के बीच लीग मैच होगा। कोच राजेश नायर ने बताया कि बालिका वर्ग में शासकीय स्कूल कुरूद, शासकीय स्कूल मगरलोड, धमतरी फुटबाल क्लब, अजीम प्रेमजी स्कूल, विद्याकुंज स्कूल शामिल हैं। इसी तरह बालक वर्ग में डीपीएस स्कूल, मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल की टीम मैच खेलेगी। सभी टीम 2-3 मैच खेलेगी। फाइनल मैच 25 दिसम्बर को होगा। पहले दिन दो मैच हुए।

पहला मैच बालक वर्ग में अंडर 14 वर्ष आयु वर्ग में विद्याकुंज ए और अजीम प्रेमजी बीच खेला गया। दोनों ओर से 1-1 गोल दागे गए। दोनों टीम बराबरी पर रही। दोनों टीमों को 1-1 अंक दिया गया। दूसरा मैच विद्याकुंज बी और धमतरी फुटबाल क्लब के बीच होना था। समय पर नहीं पहुंचने के कारण मैच नहीं हो सका। इस अवसर पर यशवंत साहू, निहाल सिन्हा, मोनू साहू, मानसु साहू, शिवराम साहू, लाया साहू, तेज साहू मौजूद थे।

---



## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार रोकने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन करते हुए शिवसेना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और अत्याचार रोकने के लिए कठोर कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के समक्ष इस मुद्दे को उठाने की मांग भी की है।

बुधवार को शिवसैनिक कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में मुसलमानों द्वारा हिंदुओं पर अत्याचार किया जा रहा है। हिंदुओं के पूजा स्थलों पर तोड़फोड़ की जा रही है। उन्होंने इस मुद्दे को लेकर अपर कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन प्रेषित किया और बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में शिवसेना के जिला अध्यक्ष उमेश पटेल, महेंद्र साहू, रामलाल सिन्हा, पीतांबर साहू आदि शामिल थे।

---

## छोटा शिरडीधाम कुकरेल में साईं जन्मोत्सव 23 को

**धमतरी।** छोटा शिरडीधाम साईं मंदिर दरबार कुकरेल में 23 दिसंबर सोमवार को श्री साईं जन्मोत्सव, स्थापना दिवस, साईं मेला, नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया है।



मंदिर संचालक डॉ. संजय तिवारी, सुलेखा तिवारी ने बताया कि सोमवार को सुबह 4 से 5 बजे तक बाबा की काकड़ आरती, 5 से 6 बजे तक बाबा का शाही स्नान, पूजा-पाठ, जप-तप, आरती, 7 से 10 बजे तक साईं चरित्र पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम, सर्व देवता-देवी का आह्वान, 11 बजे से साईं पालकी शोभायात्रा, ग्राम भ्रमण झांकी का कार्यक्रम है। 12 बजे से हवन-पूजन पूर्णाहुति, 1 से 2 बजे तक भजन-कीर्तन, विशाल भंडारा, साईं प्रसाद, 3 बजे छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा व शाम को भजन संध्या होगी। श्री तिवारी ने भक्तों से साईं का दर्शन लाभ लेने का आग्रह किया है।

---

## ग्रामीणों को बताए टीबी रोग के लक्षण एवं उपाय




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

क्षय उन्मूलन को लेकर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा कलेक्टर एवं सीएचएमओ के मार्गदर्शन पर लोगों को क्षय उन्मूलन के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है जिसके तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा के रेडक्रॉस ब्लॉक काउंसलर अवध राम साहू, छात्र-छात्राओं एवं रेडक्रॉस वालंटियर द्वारा एनटीआर एवं रक्तदान नेत्रदान एवं अंगदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मेघा के लोगों को पाम्पलेट बांटकर, पोस्टर बैनर के माध्यम से नारे लगाकर लोगों को सन्देश दिया। बताया कि दो सप्ताह से अधिक अवधि की खांसी, छाती में दर्द, कमजोरी, थकान, सांस का फूलना भूख न लगना इसकी पहचान है। क्षय रोग टीबी की निशुल्क जांच शासकीय अस्पताल में हो रहा है। साथ ही लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।

आयोजन में संस्था के प्राचार्य एसके साहू, जयंत कुमार साहू, शिक्षक अमित कुमार, प्रीतम लाल, किरण भावना, विद्या कीर्ति लता, दिलीप कुमार, तुकेश्वरी, रेडक्रॉस वालंटियर धात्री, गायत्री, काजल, हेमलेश्वरी, वंदना, टिकेश, धर्मेंद्र, हरिश्चंद्र, धनेश्वर, गुरप्रीत, दामेंद्र, करण, अमन, हिमांशु, पूजा, दामिनी, सृष्टि, स्मिता का सहयोग रहा।

---

प्रभारी सचिव ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

# शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : रेणु

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा धमतरी जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की। इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी, वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, ननि आयुक्त प्रिया गोयल सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी सचिव श्रीमती पिल्ले ने नक्शा, खसरा, डिजिटल क्रॉप की जानकारी ली। कलेक्टर ने जिओ रिफ्रेसिंग पूर्ण ग्रामों में सर्वे रिसर्वे की तहसीलवार जानकारी देते हुए बताया कि जिओ रिफेंसिंग उपरांत 7 ग्रामों का नक्शा उपलब्ध कराकर सत्यापन कार्य किया जा रहा है। अविवादित नामांतरण के कुल दर्ज 4286 प्रकरणों में से 2499 का निराकरण किया जा चुका है। प्रभारी सचिव ने राजस्व प्रकरणों का समय- सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। एक पेड़ मां के नाम अभियान की समीक्षा के दौरान वनमण्डलाधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत जिले में लक्षित 13.24 लाख 997 में से 12.79 लाख 137 पौधों का रोपण किया गया है।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में योजना के तहत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 7720 आवासों में से 108 आवास पूर्ण कर लिए गए हैं और शेष को मार्च 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। प्रभारी सचिव ने मनरेगा योजना की जानकारी ली। जिले में कमार परिवार की सहभागिता की सराहना की। इसके साथ ही हमारा शौचालय हमारा अभिमान के तहत सफाई कर्मी दीदियों का सम्मान किया गया। घर-घर कचरा संग्रहण के तहत वर्ष 2024-25 में अब तक कुल 31.36 लाख रूपये की राशि प्राप्त होने की जानकारी बैठक में दी गई। प्रभारी सचिव ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन, बारदाना की उपलब्धता, टोकन, उठाव की स्थिति और शासन की मंशानुरूप किसानों को दी गई सुविधा की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल एक लाख 28 हजार 410 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से अब तक 49 हजार 897 किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया गया है। खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त सुविधा और बारदानों की उपलब्धता की भी जानकारी दी गई। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वर्तमान में 623 ग्रामों में से 245 ग्रामों का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर हर घर जल प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। प्रभारी सचिव ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, अधिकारी यह सुनिश्चित करें।

लकवा रोग, हाथ पैर में दर्द, चर्म रोग, बवासीर, पेट रोग, मूत्र रोग, केश रोग, स्त्री एवं पुरुषों के गुप्त रोग, शुगर रोग, बुखार, सर्दी-खांसी, श्वांस-दमा, दांत रोग में (नि:शुल्क सलाह)
तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 7 से 10 बजे तक) मो.नं. : 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुंहासे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020